**भारत सरकार**

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न सं. 5417**

**गुरुवार, 25 जुलाई, 2019/3 श्रावण, 1941 (शक)**

**इंदौर में पुल का निर्माण**

**5417. श्री शंकर लालवानीः**

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केन्द्र सरकार द्वारा मध्य प्रदेश सरकार को इंदौर में प्रस्तावित ए॰बी॰ रोड पर ऐलीवेटिड पुल हेतु कितनी निधि प्रदान की गई है;

(ख) उक्त की निविदा प्रक्रिया सहित पुल के कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या उक्त पुल की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) में किसी परिवर्तन के लिए केन्द्र सरकार से पुनः अनुमति प्राप्त करने की आवश्यकता है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री**

**(श्री नितिन जयराम गडकरी)**

**(क) एवं (ख)** मंत्रालय ने दिनांक 08.03.2019 को केंद्रीय सड़क निधि (सीआरएफ) के अंतर्गत इंदौर शहर में 350.00 करोड़ रुपये की लागत पर एलआईजी स्कवायर से नवलखा स्कवायर एबी रोड (7000 मीटर लंबाई) तक ऐलिवेटेड कॉरिडोर (पुराना रारा-3) के निर्माण को प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान किया था। मध्य प्रदेश राज्य सरकार ने उपर्युक्त कार्य के लिए अभी तक न तो तकनीकी अनुमोदन प्रदान किया है और ना ही निविदा आमंत्रित की है।

(ग) जी नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

******